कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8 **PGDT–04**

अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

(पी. जी. डी. टी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2024

पी.जी.डी.टी.-04 : प्रशासनिक अनुवाद

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख दिए गए हैं।*

1. बैंकिंग की भाषा का परिचय देते हुए बैंकिंग साहित्य के अनुवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। 20

2. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दस*** शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5

   (i) opinion poll
   (ii) job rotation
   (iii) joint beneficiary
   (iv) indemnification
   (v) indentor

(vi) distance learning

(vii) contradictory co-opted

(viii) circular

(ix) clause

(x) board of directors

(xi) book of accounts

(xii) assembly

(xiii) annual report

(xiv) advertised tender

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5×1=5

(i) promotion by seniority

(ii) please investigate and report

(iii) not transferable

(iv) official document

(v) may be regretted

(vi) Memorandum of Understanding (MoU).

(vii) in consultation with,

(viii) in order of merit

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5×2=10

(a) In addition to that, candidates should have to their credit publications in standard professional journals and/or books which have been evaluated to be of high quality.

(b) After the promoters have got the necessary documents prepared, these are required to be filed with the Registrar of companies.

(c) Memorandum of Association defines the objectives for which the company is being formed.

(d) The document is again reconsidered by the committee in view of the comments received and finalized for printing as an Indian Standard.

(e) In case of partnership, each partner should individually meet the eligibility criteria and should submit a separate application form, which should be attached together.

(f) Control over methods and human resources is required to ensure that each individual is working according to schedule.

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अनुच्छेदों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 2×20=40

(a) An initial, answers to most of these questions may be ventured with reference to the Cambridge University Press guidelines for the history of literary criticism of which this volume forms part. These require that attention should be paid to the evolution of the concept of literature, the growth of literary study within institutions, the formation and re-formation of the literary canon, the emergence and development of genres, the relationship between theory and practice, and relationships between different historical periods. Given that in the Middle Ages, literature did not occupy a privileged space in contrast with other texts, what we have offered is, inevitably, a compromise, which seeks to address issues of a kind which other volumes in this history have deemed to be literary, while respecting the otherness of medieval textuality and the types of institution – elementary school, university, court etc. – which provided the economic and intellectual frameworks for textual production.

(b) Despite these record levels of funding overall, challenges remain in meeting the increasing needs, meaning millions of children do not receive the assistance and protection they need. Of the funds received, 65 per cent went to 10 emergency appeals. The top recipients remain largely unchanged, but the share of total funding has decreased for some key emergencies, such as the Republic of Syria, Democratic Republic of the Congo, Iraq and South Sudan. On the other hand, the nine most underfunded emergencies combined – including Pakistan, Tajikistan and Libya – accounted for only 2 per cent of 2021 total funding significant shortfalls in funding are preventing UNICEF and its partners from meeting children's humanitarian needs, leaving many without critical support.

(c) Direct realization is the result of our being one with the Real. There is a difference between what we perceive as real and what is really real, because our senses deceive us. We know that the sky is not blue even though it appears to be so. To the ordinary mind, a wooden table is just a table, but to a scientist it is a mass of electrons. What

we perceive in the outer world is merely a reflection of what exists within us. In everyday life, what we know about a person is only what we think about that person, not what that person really is. Through meditation we try to see the Real in ourselves first, so that we can see the same Reality everywhere and in everyone. In order to see God in everything with eyes open, we must first see God in ourselves with eyes closed. At first we go to the outside world in search of direct realization, and look for it in temples and holy sanctuaries. But we never find the ultimate anywhere outside.

5. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 20

(क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में बहुभाषिकता पर जोर देने के साथ ही स्कूली शिक्षा प्रणाली में जिस किस्म के बदलाव प्रस्तावित हैं, उसमें विद्यार्थियों के बहुआयामी व्यक्तित्व के उभरने की संभावना है। इस संदर्भ में यह दस्तावेज आधुनिक भारत के नवनिर्माण तथा इक्कीसवीं सदी के अनुरूप भारतीय शिक्षा प्रणाली के उन्नयन की दिशा में एक

व्यवस्थित एवं व्यावहारिक प्रयास है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर शिक्षा नीति में शामिल किया गया है। प्राथमिक स्तर की शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म करने तथा भारतीय भाषाओं के व्यापक प्रयोग से बुनियादी शिक्षा में दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे देशी भाषाओं की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होने के साथ-साथ भारतीयता एवं राष्ट्रीय एकता की भावना के विकास में काफी मदद मिलेगी। मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के जरिए शिक्षा प्राप्ति से जीविकोपार्जन की संभावनाएँ बढ़ेंगी तथा आत्मविश्वास से सम्पन्न भावी पीढ़ी के निर्माण में हम सफल होंगे।

(ख) समय गुज़रने के साथ कुछ धनी चरवाहे ज़मीन खरीदकर एक जगह बसकर रहने लगे। उनमें से कुछ नियमित रूप से खेती करने लगे, जबकि कुछ व्यापार करने लगे। जिन चरवाहों के पास ज्यादा पैसा नहीं था वे सूदखोरों से ब्याज पर कर्ज़ लेकर दिन काटने लगे। इस चक्कर में बहुतों के मवेशी

भी हाथ से जाते रहे और वे मजदूर बनकर रह गए। वे खेतों या छोटे–मोटे कस्बों में मजदूरी करते दिखाई देने लगे। इस सबके बावजूद चरवाहे न केवल आज भी जिंदा हैं बल्कि हाल के दशकों में कई जगह तो उनकी संख्या में वृद्धि भी हुई है। जब भी किसी इलाके के चरागाहों में उनके दाखिले पर रोक लगा दी जाती वे अपनी दिशा बदल लेते, रेवड़ छोटा कर लेते और नई दुनिया के मिजाज़ से तालमेल बैठाने के लिए दूसरे काम–धंधे भी करने लगते। अनेक पारिस्थिति विज्ञानी मानते हैं कि सूखे इलाकों और पहाड़ों में ज़िंदा रहने के लिए चरवाही ही सबसे व्यावहारिक रास्ता है।

× × × × × × ×